# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून–248001**

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551

email id- election09@gmail.com

फैक्स न0 (0135) – 2713724


संख्याः 1514 /XXV–10–P3/2023 देहरादूनः दिनांक 28 अगस्त, 2023

सेवा में

श्री पवन दीवान
सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन अशोक रोड़
नई दिल्ली।

**विषयः–** Election related Press Coveraga Feedback-reg

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–100/ECI/UKD-LA/2/NS-II दिनांक 09 अगस्त, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings दैनिक आधार पर निर्धारित ईमेल के माध्यम से आयोग की सेवा में प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए है।

अतः उक्त संबंध में दैनिक सूचना अध्यावधिक करते हुए दिनांक 26. 27. एवं 28 अगस्त 2023, को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings संलग्न कर निवेदन सहित प्रेषित किया जा रहा है कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड।

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पंत्र का नाम हिन्दुस्तान

दिनांक 28 AUG 2023

# बहुगुणा ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में तेज किया प्रचार

बागेश्वर उपचुनाव

बागेश्वर, संवाददाता। जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा और कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने बागेश्वर उपचुनाव में प्रचार तेज कर दिया है। वह सरकार की उपलब्धियां लोगों को गिना रहे हैं। रविवार को दोनों नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया।

वहीं रविवार को अल्पसंख्यक वर्ग के कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। प्रत्याशी को लेकर क्षेत्र भ्रमण किया। दिवंगत चंदन राम दास के सपनों को पूरा करने का भी संकल्प दोहराया।

प्रत्याशी पार्वती दास ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे निभा रही है। बागेश्वर की जतना उन्हें जिम्मेदारी देने को तैयार है उसे भी वह बखूबी निभाएंगी। क्षेत्र का विकास करना उनका मकसद रहेगा। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि बागेश्वर की जनता ने भाजपा को 17 साल से जो प्यार दिया है वह प्यार उपचुनाव में दोगुना होने वाला है। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने पार्वती दास के पक्ष में वोट की अपील की।

# बागेश्वर उप चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी ताकत

देहरादून, मुख्य संवाददाता। बागेश्वर उपचुनाव अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही, कांग्रेस ने अपनी सारी ताकत झोंक दी है। अध्यक्ष करन माहरा और यशपाल आर्य यहां नामांकन के दिन से ही डटे हैं। अब 29 अगस्त से हरीश रावत भी चार दिन के लिए बागेश्वर पहुंच रहे हैं।

हरीश रावत लगातार चार दिन बागेश्वर में प्रचार करेंगे। वहीं मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने आरोप लगाया कि बागेश्वर में प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्वतंत्र होकर प्रचार करने तक से रोक रहा है।

## युवा भाजपा से बदला लेने को तैयारः यादव

बागेश्वर। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव का बागेश्वर पहुचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां आयोजित ब्लाक अंध्यक्षों और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। भाजपा के कुशासन को खत्म करने के लिए हमें आगे आना होगा। बागेश्वर के युवा भाजपा से बदला लेने को तैयार है। भर्ती घोटालों को वह नहीं भूली है।

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

## युवाओं को भड़काकर राजनीतिक रोटियां सेंक रही कांग्रेस : भट्ट

देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस पर निजी स्वार्थ के लिए युवाओं को राजनीतिक मोहरा बनाने का आरोप लगाया है।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से बेरोजगारों को भड़काकर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस बागेश्वर का माहौल खराब करने की साजिश रच रही है। भट्ट ने कहा कि बागेश्वर में कथित युवा नेता बॉबी पंवार किस दल के प्रचार के लिए गया था, कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए। उनकी गिरफ्तारी से कांग्रेस ने की बौखलाहट साफ दिखती है। ब्यूरो

## युवाओं को इस्तेमाल न करे कांग्रेसः भट्ट

देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस पर निजी स्वार्थ की खातिर युवाओं को राजनैतिक मोहरा बनाने का आरोप लगाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से बेरोजगारों को भड़काकर राजनैतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संभावित हार की बौखलाहट में बागेश्वर का माहौल खराब करने की साजिश रच रही है।

राष्ट्रीय सहारा

## बॉबी पंवार की गिरफ्तारी पर हल्ला आश्चर्यजनक : भट्ट

**बॉबी पंवार किसके कहने पर प्रचार के लिए गए यह स्पष्ट करे कांग्रेस**

**किसी को माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जा सकती**

देहरादून (एसएनबी)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बागेश्वर में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार की गिरफ्तारी पर हो हल्ले को आश्चर्यजनक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर निजी स्वार्थ की खातिर बेरोजगारों को भड़काकर राजनीतिक मोहरा बना रही है। कांग्रेस को कानून व्यवस्था बनाए रखने की किसी भी कोशिश का स्वागत करना चाहिए था। उसकी बयानबाजी उसकी पोल खोलती हैं।

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि किसी को हराने के लिए प्रचार के नाम पर माहौल खराब करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है। इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशन में प्रशासन ने शानदार कार्यवाही की है, जिसकी सभी उम्मीदवारों की तरफ से तारीफ होनी चाहिए थी। कांग्रेस साफ करे कि बागेश्वर मे कथित युवा नेता किस दल के प्रचार के लिए गया था। यदि वह भाजपा को हराने के लिए गया तो किसके समर्थन में गया और वह कौन सा दल है। यदि वह अन्य दलों के लिए भी गया है अन्य दलों को भी इस बात स्पष्ट करना चाहिए कि वो उनके प्रचार के लिए बागेश्वर गए थे। तथाकथित युवा नेता कांग्रेस के दुष्प्रचार के एजेंडे को आगे बढाने के लिए वहां गए थे। कांग्रेस परदे के पीछे से ऐसे तथाकथित व्यक्तियों को बागेश्वर भेज रही है जो युवाओं की मांग उठाने के नाम पर राजनीति करने के लिए पहले ही बदनाम हैं। उनके कांग्रेस नेताओं से संबंध जगजाहिर हैं।

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम द पायनियर
दिनांक 27 AUG 2023

# Congress shouldn't use youths as political tools, hullabaloo on arrest surprising: BJP

## Congress should clarify who sent Bobby Panwar to campaign in Bageshwar

PNS ■ DEHRADUN

The Bharatiya Janata Party has accused the Congress of exploiting the youths of the State as political pawns for its ulterior motives. The BJP State president Mahendra Bhatt alleged that for quite some time the Congress has been trying to instigate unemployed youths for its political gains which is unfortunate. Bhatt said, "The Congress fears the possibility of its defeat in the Bageshwar Assembly by-election and is conspiring to disturb the environment there. One should welcome any effort to maintain the law and order but the statements by Congress leaders expose the agenda of the party- the party is politically exploiting the youths for its ulterior aims."



Interacting with the media and expressing his views on the arrest of Uttarakhand Berozgar Sangh president Bobby Panwar on Friday at Bageshwar, Bhatt said that any person who goes to campaign in any election does so in support of a particular side and the candidate of the party concerned takes formal permission for this. Nobody can be permitted to disturb the environment just for a particular candidate's defeat. He said that the administration acted efficiently on the directions of the election commission in this case, adding that this action should be praised by all parties and candidates. However, the role of the Congress appears dubious considering the statements made by its leaders. The BJP State president said that campaigning for the Bagehwar bypoll is underway peacefully with the election commission monitoring the activities.

The locals also appear to have almost made up their minds while checking the candidates based on their issues and aspirations. "The people are assured considering the development facilitated by the late MLA and cabinet minister Chandan Ram Dass and the work of the double-engine government. The people have made up their minds to vote for the BJP candidate in record numbers. The Congress leaders are aware of this and this is the reason why they are making a last ditch attempt to spoil the atmosphere in the constituency," alleged Bhatt.

He further alleged that the Congress is pulling the strings from behind the curtain and sending persons to Bageshwar who are already infamous for playing politics in the name of raising demands of the youths and whose links with Congress leaders are common public knowledge. These are youths who have decided to make a career in politics, he added.

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला

दिनांक 27 AUG 2023

# पूर्व मंत्री आर्य भाजपा में शामिल

देहरादून। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के लिए माहौल बना रही भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस के एक और नेता पूर्व मंत्री सुरेश आर्य को पार्टी में शामिल करा लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के आवास पर आर्य ने पार्टी की सदस्यता ली।

भट्ट ने उनका पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आर्य पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व से और पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

## बागेश्वर उपचुनाव के लिए माहौल बना रही पार्टी

सुरेश आर्य 1984 से 1989 तक पहली बार उत्तर प्रदेश की खटीमा विधानसभा से विधायक चुने गए थे।

1996 में दूसरी बार भाजपा के प्रत्याशी रहे और कांग्रेस के प्रत्याशी यशपाल आर्य को हराकर दोबारा विधायक चुने गए थे। वह भाजपा की अंतरिम सरकार में मंत्री थे। उनकी पत्नी बीना आर्य नैनीताल जिला पंचायत की अध्यक्ष भी रही हैं। ब्यूरो

हिन्दुस्तान

# भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक सुरेश आर्य

देहरादून। खटीमा से यूपी के समय विधायक रहे सुरेश आर्य ने शनिवार को भाजपा ज्वाइन कर ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के आवास पर उन्हें पार्टी में शामिल कराया गया। सुरेश आर्य 1984 से 1989 तक पहली बार यूपी के समय खटीमा विधानसभा से विधायक चुने गए। 1996 में उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस के प्रत्याशी यशपाल आर्य को हराया।

दैनिक जागरण

# पूर्व मंत्री सुरेश आर्य ने थामा भाजपा का दामन

देहरादून : पूर्व मंत्री सुरेश आर्य ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि आर्य के भाजपा की सदस्यता लेने से पार्टी और मजबूत हुई है। पूर्व मंत्री आर्य वर्ष 1984 में पहली बार उत्तर प्रदेश में खटीमा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वर्ष 1996 में उन्होंने दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस के यशपाल आर्य को हराया। राज्य गठन के बाद आर्य अंतरिम सरकार में मंत्री रहे। आर्य की पत्नी बीना आर्य नैनीताल जिला पंचायत की अध्यक्ष रही हैं। अब पूर्व मंत्री आर्य ने भाजपा में घर वापसी की है। (राब्यू)

राष्ट्रीय सहारा

# पूर्व विधायक सुरेश आर्य फिर भाजपा में शामिल

देहरादून। पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री रहे सुरेश आर्य ने फिर भाजपा का दामन थाम लिया है। शनिवार को आर्य ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के आवास पर भाजपा की सदस्यता ली। सुरेश आर्य 1984 से 1989 तक पहली बार उत्तर प्रदेश की खटीमा विधानसभा से विधायक चुने गए। 1996 में दूसरी बार भाजपा के प्रत्याशी रहे तथा कांग्रेस प्रत्याशी यशपाल आर्य को हराकर दुबारा विधायक चुने गए। सुरेश आर्य उत्तराखंड की प्रथम अंतरिम सरकार में मंत्री रहे। आर्य की धर्मपत्नी बीना आर्य नैनीताल जिला पंचायत की अध्यक्ष भी रही हैं।

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 27 AUG 2023

## भाजपा को सबक सिखाएगी जनता : यादव

हल्द्वानी : कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव को लेकर संगठन पूरी तैयारी कर चुका है। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का लोगों के बीच पहुंचने का सिलसिला जारी है। उनसे विकास और समानता के लिए समर्थन की अपील की जा रही है। प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस को बागेश्वर में अच्छा परिणाम नजर आता है। उपचुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी यादव व सहप्रभारी दीपिका पांडे सिंह शनिवार दोपहर हल्द्वानी पहुंचे। यहां विधायक सुमित हृदयेश के आवास पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं संग पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश प्रभारी ने कहा कि भाजपा राज में पूरे देश की स्थिति खराब है। (जासं)

# बागेश्वर उपचुनाव में वामपंथी पार्टियां नहीं उतारेंगी प्रत्याशी

अमर उजाला ब्यूरो

## कहा, चुनाव में धर्म निरपेक्ष ताकतों का करेंगे समर्थन

देहरादून। वामपंथी पार्टियां बागेश्वर उपचुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारेंगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की बैठक में निर्णय लिया गया कि चुनाव में धर्म निरपेक्ष ताकतों का समर्थन किया जाएगा।

सीपीएम के राज्य कार्यालय में कामरेड समर भंडारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य की डबल इंजन सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है, जो अपनी विफलता को छिपाने के लिए सांप्रदायिक तनाव फैलाकर आपसी सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। पुरोला से लेकर सहसपुर तक राज्य में कई घटनाएं इसका उदाहरण हैं। कहा, वाममोर्चा भाजपा सरकार की सांप्रदायिक एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाएगी। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन, धरने एवं सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा। बागेश्वर में बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार और अन्य बेरोजगार संघ के लोगों की गिरफ्तारी की भी वाममोर्चे ने अलोकतांत्रिक कार्रवाई बताते हुए निंदा की।

बैठक में सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुड़ियाल, सीपीएम के राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र सिंह नेगी, सीपीआई माले के सचिव इंद्रेश मैखुरी, राजेंद्र पुरोहित, कैलाश पांडेय, अशोक शर्मा, अनंत आकाश आदि मौजूद रहे।

## वाम मोर्चा ने की धर्मनिरपेक्ष ताकतों को जिताने अपील की

देहरादून। बागेश्वर उपचुनाव में वाममोर्चा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों को जिताने की अपील की है। संगठन के पदाधिकारियों कि संयुक्त बैठक में बागेश्वर उपचुनाव में धर्मनिरपेक्ष जनतान्त्रिक प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की है। बैठक सीपीएम राज्य कार्यालय में कामरेड समर भंडारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा है कि राज्य में भयंकर आपदा के लिऐ सरकार की कमी के साथ ही अनियोजित विकास सीधेतौर पर जिम्मेदार है। बैठक में सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुड़ियाल, सीपीएम के राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह नेगी, सीपीआई माले के सचिव इन्द्रेश मैखुरी, राजेन्द्र पुरोहित, कैलाश पांडेय, अशोक शर्मा, अनन्त आकाश ने विचार व्यक्त किये।

राष्ट्रीय सहारा

# बागेश्वर में धर्मनिरपेक्ष ताकतों को जिताने की अपील

देहरादून (एसएनबी)। प्रदेश के तीन वामपंथी दलों भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) ने बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में धर्मनिरपेक्ष जनतांत्रिक प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की है। शनिवार को माकपा राज्य कार्यालय में भाकपा की नेशनल काउंसिल सदस्य समर भंडारी की अध्यक्षता में वाममोर्चा की संयुक्त बैठक में फैसले के बाद यह अपील जारी की गई।

**बॉबी पंवार की गिरफ्तारी और गरीबों को उजाड़ने की निंदा की**

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि डबल इंजन सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है। अपनी विफलता को छुपाने के लिए सांप्रदायिक तनाव फैलाकर आपसी सद्भाव बिगाड़ने का कार्य कर रही है। पुरोला से लेकर सहसपुर तथा राज्य में अनेक घटनाएं इसकी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भयंकर आपदा के लिए सरकार की लापरवाही के साथ अनियोजित विकास जिम्मेदार है। आपदा प्रभावितों को तत्काल समुचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा वाममोर्चा भाजपा सरकार की सांप्रदायिक एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अभियान चलाएगा। इसके तहत राज्य में प्रदर्शन,धरना व सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा। वक्ताओं ने बागेश्वर में बेरोजगार संघ के



बैठक में मौजूद वामदलों के नेता।

अध्यक्ष बॉबी पंवार व अन्य बेरोजगार संघ के लोगों की गिरफ्तारी की निंदा की। वाम नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ नौकरियों की लूट कर रही है दूसरी तरफ अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर दशकों स्वरोजगार करने वालों का व्यवसाय उजाड़ रही है। इस अवसर पर आपदा में मारे के लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में भाकपा के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल, माकपा के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह नेगी, भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, राजेंद्र पुरोहित, कैलाश पांडेय, अशोक शर्मा व अनन्त आकाश आदि शामिल हुए।

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम द पायनियर
दिनांक 27 AUG 2023

# Left parties to oppose BJP in Bageshwar by- election

PNS ■ DEHRADUN

The Left parties in Uttarakhand have decided to extend their full support to the "secular" candidate who can defeat BJP in the Bageshwar Assembly by-election. The Left parties have not fielded any candidate in the by-election.

A meeting of the senior leaders of the Communist Party of India (CPI), Communist Party of India Marxist (CPI -M), CPI Marxist Leninist (CMI -ML) was held at the office of CPI -M here on Saturday. The meeting was chaired by Samar Bhandari. In the meeting, the Leftist leaders said that the double-engine government has proved to be a failure on all fronts in the State. They said that in order to hide its failures the government is trying to ignite communal tension. A concerted effort is being made to spread communal hatred in the State and the recent events in Purola and Sahaspur are some of the examples. The speakers said that unplanned development and government's apathy are responsible for the recent rain triggered natural disaster in the State. In the meeting the leaders condemned the ongoing anti encroachment campaign in the different parts of the State. They decided to start a state-wide agitation against the anti-people and communal politics of the BJP government.

The meeting was attended by leaders of various communist parties including Jagdish Kuniyal, Rajendra Singh Negi, Indresh Maikhuri, Rajendra Purohit, Kailash Pandey, Ashok Sharma, Anant Akash and others.

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण राष्ट्रीय सहारा

दिनाक 27 AUG 2023

## बाबी पवार की पत्रकार वार्ता को पुलिस ने रोका

**बागेश्वर :** बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बाबी पवार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता करने की कोशिश की। जिसे पुलिस ने रोक दिया। कहा कि पवार के पास किसी भी तरह के कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं है। चुनाव के चलते धारा 144 लगी हुई है। जब तक जिला निर्वाचन आयोग की अनुमति नहीं होगी तब तक वह कोई भी कार्यक्रम नहीं कर सकते। वहीं बाबी पंवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। कहा कि बागेश्वर में शुक्रवार को नारे लगाए गए, जो हमने नहीं लगाए। उनके संगठन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। (जासं)

## बागेश्वर में पुलिस ने बॉबी पंवार को नहीं करने दी पत्रकार वार्ता

**बागेश्वर।** बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार की पत्रकार वार्ता को पुलिस ने नहीं होने दिया। पुलिस ने हवाला दिया कि उनके पास पत्रकार वार्ता के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति नहीं है। पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम स्थल की वीडियो रिकार्डिंग भी की। मालूम हो कि शुक्रवार को पुलिस ने बॉबी पंवार समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

देर शाम न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें छोड़ दिया। शनिवार को अपनी बात रखने के लिए बॉबी ने दो बजे पत्रकार वार्ता रखी थी। पत्रकार वार्ता शुरू होने से पहले पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पत्रकार वार्ता रोक दी। उन्होंने कहा कि पंवार के पास किसी भी तरह के कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं है। चुनाव के चलते धारा 144 लागू है। जब तक जिला निर्वाचन आयोग की अनुमति नहीं होगी तब तक वह कोई कार्यक्रम नहीं कर सकते। इसके बाद बॉबी पंवार ने पत्रकार वार्ता स्थगित कर दी। सीओ अंकित कंडारी ने बताया कि बॉबी के पास किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति नहीं थी।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम हिन्दुस्तान टाइम्स
दिनांक 27 AUG 2023

# Bobby Panwar's arrest triggers a political row

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

**DEHRADUN:** The arrest of State Unemployed Union head Bobby Panwar and four others for allegedly violating section 144 of CrPC in bypoll bound Bageshwar assembly seat, which is scheduled to be held on September 5, has triggered a slugfest between the ruling Bharatiya Janata Party (BJP) and Congress.

According to police, Panwar and his associates were held because they violated the prohibitory orders, while the unemployed union chief has maintained that he was in the area to visit the Bagnath temple.

The Congress party accused the state government of acting in an "arbitrary manner". "Our party condemns the arrest of Bobby Panwar and others in a dictatorial fashion in Bageshwar. He (Bobby) was there just to seek the blessings of Lord Bagnath. The BJP is showing their frustration as they can see that they will lose at the hands of Congress in the by-poll. They are misusing the state machinery to influence the polls... The voters of Bageshwar will teach them a lesson," State Congress president Karan Mahara said. "Bobby is the face of the struggle of thousands of unemployed youth. Our party stands with his cause. They (BJP) cannot muzzle down his voice and demoralise him by such autocratic acts," Mahara added.

PANWAR AND FOUR OTHERS WERE ARRESTED ON FRIDAY FOR VIOLATING SECTION 144 IN BYPOLL-BOUND BAGESHWAR AREA

The BJP hit back, saying that the Congress is disseminating lies to veil its weak position in the upcoming polls.

State BJP media in-charge Manveer Singh Chauhan said, "The BJP government has nothing to do with the arrest of Bobby Panwar and others in Bageshwar. It is the prerogative of law enforcement agencies. The BJP does not infringe on their jurisdiction... The Congress is misleading the public as they are aware of their defeat in the bypoll." Chauhan added, "The Congress has a misconception that it can win the Bageshwar by-poll with their false propaganda. The voters of the Bageshwar assembly seat have already made up their minds to pay tributes to pro-people work by late minister Chandan Ram Dass as an MLA from the seat. They will give their blessings to the BJP again."

Meanwhile, Uttarakhand Berozgaar Sangh president Bobby Panwar – who was released on bail -- said, "The ruling BJP has become power drunk, and such acts show their arrogance. They cannot break my morale to raise the voices of the thousands of unemployed youths who are asking questions from the BJP government ..." The four others arrested were identified as Kartik Upadyay, Nitin Dutt, Ram Kanwal, and Bhupendra Koranga. All five were granted bail by a court.

Bageshwar superintendent of police (SP) Aksay Prahlad Konde said, "We arrested Bobby Panwar and four others for allegedly violating section 144 of CrPC enforced for the byelection. Most of those arrested don't belong to Bageshwar but are from Haldwani. They had a clear intention to influence the by-election..." A case against the accused was registered under sections 147 (rioting), 188 (disobedience to order duly promulgated by public servant), 186 (obstructing public servant in discharge of public functions), and 171 (wearing garb or carrying token used by public servant with fraudulent intent) of the IPC against the five people and five other unidentified accused.

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा

दिनांक 26 AUG 2023

## बागेश्वर में हार की आशंका से भ्रम फैला रही कांग्रेस : चौहान

देहरादून। प्रदेश भाजपा ने कहा कि बागेश्वर विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस हार की आशंका से बौखलाकर आरोप प्रत्यारोप पर उतर आई है और भ्रम फैलाने की कोशिश में जुटी है।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि बागेश्वर में किसी गिरफ्तारी से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। अगर, किसी मामले में जांच एजेंसी, एसटीएफ या अन्य कोई कार्रवाई करती है तो इसमें यह उनका मामला है। भाजपा का जांच एजेंसियों के कार्य में कोई दखल नहीं है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूर्व में हुए मामलों में यह साबित कर चुके हैं कि जांच एजेंसियों को हमेशा खुली छूट रही है। उनके कार्य में कोई दखल नहीं है। ब्यूरो

## भ्रम फैला रही कांग्रेस : चौहान

देहरादून। भाजपा ने कहा कि बागेश्वर उप चुनाव मे कांग्रेस हार को आशंका से बौखलाकर आरोप प्रत्यारोप पर उतर गयी है और भ्रम फैलाने की असफल कोशिश मे जुट गयी है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि बागेश्वर मे किसी गिरफ्तारी से भाजपा का कोई लेना देना नहीं है। अगर किसी मामले मे जांच एजेंसी, एसटीएफ या अन्य कोई कार्यवाही करती है तो इसमे यह उनका मामला है। भाजपा का जाँच एजेंसियो के कार्य मे कोई दखल नहीं है और मुख्यमंत्री धामी पूर्व मे हुए मामलों मे यह साबित कर चुके हैं कि जांच एजेंसियों को हमेशा खुली छूट रही है। उनके कार्य मे कोई दखल नहीं है।

# Congress spreading confusion fearing electoral loss in Bageshwar: BJP

PNS ■ DEHRADUN

The Bharatiya Janata Party has alleged that the Congress is now relying on allegations and counter-allegations while unsuccessfully trying to spread confusion as it fears its impending defeat in the Bageshwar Assembly by-elections. The BJP State media in-charge Manveer Singh Chauhan said that the BJP has nothing to do with any arrests made in Bageshwar. If the investigation agency, special task force or another body makes arrests in some case, the matter is related to the department concerned. The BJP has not interfered in the work of the investigation agency and the chief minister Pushkar Singh Dhami has proved in past cases that the investigation agencies have always been given a free hand to discharge their duty without any interference. Chauhan said, "The BJP is contesting the Bageshwar by-election on the issue of development and it is receiving the support of the public. The Congress is under the misapprehension that its electoral



chances will improve by spreading propaganda but this is not easy. The late Chandan Ram Dass had served Bageshwar well and this is why the people elected him repeatedly. The people have decided that they will elect his wife as a tribute to him. The people will not let the Congress succeed in its intentions," said the BJP State media in-charge.

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला

दिनांक 26 AUG 2022

## कांग्रेस प्रभारी आज पहुंचेंगे बागेश्वर

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव शनिवार से बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनाव प्रचार की समीक्षा करने के साथ ही चुनाव प्रचार में प्रतिभाग करेंगे। उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी 26 अगस्त को बागेश्वर पहुंचेंगे। 27 को जिला कांग्रेस कमेटी और विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित चुनावी सभाओं में प्रतिभाग करेंगे। 28 को पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार में प्रतिभाग करेंगे। ब्यूरो

# Cong state in-charge, senior members to camp in Bageshwar for bypoll

**Dehradun**: In no mood to give a walkover to the BJP, the Congress has decided that its senior members, including state in-charge Devender Yadav, would camp at Bageshwar for the bypolls. The party has also asked the star campaigners to give dates for campaigning in the constituency.

In the next seven days, seniors, including former CM Harish Rawat, state Congress head Karan Mahara and leader of Opposition Yashpal Arya, are scheduled to campaign in favour of party candidate Basant Kumar. Congress state vice president (organisation) Mathura Dutt Joshi told TOI, "Through a letter, the state chief has sought information from the star campaigners for their availability to help plan the last leg of the poll campaign at Bageshwar." Joshi did not fail to mention that the Congress candidate got a good share of votes in 2022 assembly election and has a high possibility of winning the bypoll. After the death of Bageshwar MLA and transport minister Chandan Ram Dass, the bypoll for the constituency is to be held. While voting is scheduled for September 5, result will be announced on September 8. **Kautilya Singh**

# धारा 144 के उल्लंघन पर बेरोजगार संघ के अध्यक्ष समेत पांच गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बागेश्वर। पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147/188/186/171 (जी) के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने कहा कि इन लोगों को उपजिलाधिकारी के सम्मुख भी प्रस्तुत किया जा सकता था, लेकिन कार्रवाई निष्पक्ष हो इसलिए पुलिस ने न्यायिक मार्ग चुना। सीजेएम अदालत में इन लोगों को पेश किया गया। अदालत ने सभी को पांच-पांच हजार की जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बागेश्वर पहुंचे बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार निवासी चकराता (देहरादून), कार्तिक उपाध्याय निवासी रामपुर रोड हल्द्वानी, नितिन दत्त निवासी मसूरी, राम कनवाल निवासी विजय राय कॉलोनी कोटद्वार (पौड़ी), भूपेंद्र कोरंगा निवासी लीती (कपकोट) को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने कहा कि डीएम ने उन्हें पहले ही इस संबंध में नोटिस दिया था।

## गिरफ्तारी से भड़के बेरोजगार

**देहरादून।** उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार की गिरफ्तारी के विरोध में संघ ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति आक्रोश जताया। प्रवक्ता सुरेश सिंह ने ने बताया कि बॉबी भगवान बागनाथ के दर्शन करने जा रहे थे। उधर, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह धामी सरकार का तानाशाही पूर्ण रवैया है। बेवजह बॉबी को पकड़ा। संवाद

# कांग्रेस ने गिरफ्तारी पर उठाए सवाल

देहरादून, मुख्य संवाददाता। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार और उनके साथियों को गिरफ्तार किए जाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सरकार युवाओं से डर गई है। उपचुनाव में भाजपा की हार को देखते हुए बॉबी को गिरफ्तार किया गया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बिना कारण गिरफ्तारी से साफ है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। पूर्व सीएम हरीश रावत, संगठन उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने भी निंदा की। वहीं, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि उप चुनाव मे कांग्रेस हार की आशंका में आरोप-प्रत्यारोप लगाकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। गिरफ्तारी से भाजपा का कोई लेनादेना नहीं है।

दैनिक जागरण

# बेरोजगार संघ अध्यक्ष बाबी बागेश्वर में गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाबी पवार के साथ ही पांच अन्य लोगों को बागेश्वर पुलिस ने शुक्रवार को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि बेरोजगार संघ के सदस्य पवार ने बागेश्वर आने की अनुमति मांगी थी। उन्हें जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र का जवाब दिया गया था कि उपचुनाव चल रहा है।

आदर्श आचार संहिता के साथ ही धारा 144 लागू है। वह 10 सितंबर तक यहां किसी प्रकार की गतिविधि नहीं कर सकते। लेकिन शुक्रवार को बाबी अपने समर्थक कार्तिक उपाध्याय, भूपेंद्र कोरंगा, राम कनवाल व नितिन दत्त के साथ नुमाइशखेत मैदान की तरफ जा रहे थे। ऐसे में शांति भंग की आशंका में उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस कार्रवाई पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बाबी पवार बागनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान उन्हें अचानक गिरफ्तार कर लिया गया। यह अन्याय है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

**पवार की गिरफ्तारी के विरोध में उक्रांद ने दिया धरना:** बागेश्वर में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पवार की गिरफ्तारी के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल ने घंटाघर चौक पर राज्य आंदोलनकारी स्व. इंद्रमणि बडोनी की मूर्ति के समीप धरना दिया। उक्रांद ने सरकार पर बाबी पवार को साजिश के तहत गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है।

## पुलिस बर्बरता की पराकाष्ठा : माहरा

**देहरादून** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पवार की गिरफ्तारी को पुलिस बर्बरता की पराकाष्ठा बताया है। माहरा ने एक बयान में कहा कि यह धामी सरकार की बड़ी भूल है। उन्होंने आरोप लगाया कि बागेश्वर उपचुनाव में अपनी हार को देखकर धामी सरकार बौखला गई है। उन्होंने कहा कि यह सत्तारूढ़ दल भाजपा की निकृष्ट राजनीति का नमूना है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बाबा बागनाथ की नगरी बागेश्वर में मंदिर पहुंचने से पहले बाबी व उनके साथियों को गिरफ्तार कर तानाशाही रवैया अपनाया गया।

**गिरफ्तारी से सरकार का कोई लेना-देना नहीं : चौहान**

**देहरादून:** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि बागेश्वर सीट के उपचुनाव में हार की आशंका से बौखलाई कांग्रेस आरोप-प्रत्यारोप पर उतर गई है। कहा कि बागेश्वर में हुई किसी गिरफ्तारी से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।(राब्यू)

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम राष्ट्रीय सहारा
दिनांक 26 AUG 2023

# उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार गिरफ्तार, रि

**बागनाथ मंदिर के दर्शन करते समय किया गिरफ्तार, कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया, कई गंभीर आरोप लगाए**



बागेश्वर : पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता।

**बागेश्वर (एसएनबी)।** विधानसभा उप चुनाव के बीच पुलिस ने बेरोजगार प्रदेश संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार को बागनाथ मंदिर के दर्शन करते समय गिरफ्तार कर लिया है। बाबी पंवार की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया की है। कांग्रेस ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। कहा कि भाजपा के इशारे पर पुलिस उत्पीड़न पर उतारू है। कांग्रेस बाबी पंवार के जनहित में उठाए जा रहे मुद्दों पर उनके साथ है।

शुक्रवार को बॉबी पंवार समर्थकों के साथ बागनाथ मंदिर दर्शन को जा रहे थे, तभी भिटालगांव के पास उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस व एसओजी की टीम उन्हें समर्थकों के साथ कोतवाली ले आयी। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बॉबी पंवार पर धारा 144 का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उनके साथ भूपेंद्र कोरंगा, कार्तिक उपाध्याय, नितिन दत्त व राम कनवाल समेत छह अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

उधर बॉबी पंवार की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया है। कांग्रेस जिला प्रभारी महेंद्र लुंठी व जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस का बॉबी पंवार से कोई लेना-देना नहीं है परंतु वह प्रदेश के युवाओं के हित में तथा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलकर जनहित के कार्य कर रहे हैं। इसलिए उन्हें अपना समर्थन दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि बॉबी पंवार को बागनाथ मंदिर के दर्शन से रोकना पुलिस की बर्बरता है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस बात का डर था कि बॉबी पंवार कहीं प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार व पूर्व मंत्री चंदन दास की पुत्री का 13 अंकों में चयन व 80 अंक वाले अभ्यर्थी वालों को बाहर करने की पोल न खोल दें। इस दौरान पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, गोकुल परिहार, कवि जोशी आदि मौजूद थे।

# बॉबी पंवार की गिरफ्तारी पुलिस बर्बरता की पराकाष्ठा : कांग्रेस

**देहरादून/एसएनबी।** शुक्रवार को संयुक्त बयान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, संगठन उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी व मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार की गिरफ्तारी को पुलिस बर्बरता की पराकाष्ठा और धामी सरकार की बड़ी भूल बताया है।

**■ बॉबी पंवार की गिरफ्तारी को धामी सरकार की बड़ी चूक बताया**

माहरा ने कहा की बागेश्वर उपचुनाव में अपनी हार को सामने देख धामी सरकार बौखला गई है। महारा ने कहा कि बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार को बिना किसी गुनाह के भगवान बागनाथ के परिसर से आनन फानन में गिरफ्तार किया जाना निंदनीय है। संगठन उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने पंवार की गिरफ्तारी पर धामी सरकार को और पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लिया। जोशी ने कहा की चंपावत उपचुनाव की तरह धामी सरकार बागेश्वर में भी सत्ता और बल का दुरुपयोग कर रही है। जोशी ने कहा की बबी पवार युवाओं की आवाज है उस आवाज को दमन करने का धामी सरकार का प्रयास कभी सफल नहीं होगा।

कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि बॉबी पंवार प्रदेश के युवाओं के संघर्षों और आंदोलन का प्रतीक हैं। पंवार के इरादे चट्टान से भी मजबूत हैं। दसौनी ने उनकी गिरफ्तारी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इस कृत्य से धामी सरकार ने अपने ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है। दसौनी ने कहा कि यह चुनाव अमीर और गरीब के बीच का चुनाव है।

# BEROZGAR SANGH CHIEF HELD FOR VIOLATING SEC 144 AHEAD OF BYPOLLS

**HT Correspondent**

letters@hindustantimes.com

**DEHRADUN:** Bageshwar police on Friday arrested Uttarakhand Berozgaar Sangh president Bobby Panwar and several others for allegedly violating Section 144 of CrPc (Criminal Procedure Code) which has been enforced due to by-elections, officials familiar with the matter said.

Apart from Bobby, others who were arrested include Kartik Upadhyay, Nitin Dutt, Ram Kanwal, Bhupendra Koranga and six other unidentified people, the official said. A case against them has been registered under sections 147 (rioting), 188 (Disobedience to order duly promulgated by public servant), 186 (Obstructing public servant in discharge of public functions), and 171 (wearing garb or carrying token used by public servant with fraudulent intent) of the Indian Penal Code (IPC).

Superintendent of police Aksay Prahlad Konde said, "We have arrested Bobby and others for allegedly violating section 144 of CrPC in force for by-election. Most of those arrested don't belong to Bageshwar but to Haldwani and other areas."

# Arrest of unemployed assn prez sparks debate

**Bageshwar/Dehradun**: In a development that has sparked controversy, police apprehended five individuals, including Bobby Panwar, the president of Uttarakhand Unemployed Association. The police's actions ahead of the Bageshwar bypoll on September 5 met with strong objections from various organisations, calling it a heavy-handed approach. The police took Panwar into custody on Friday near Numaishkhet.

**BAGESHWAR BYPOLL**

Along with Panwar, four other persons were also arrested. The charges were filed under IPC sections 147, 188, 186, and 171G.

Akshay Prahlad Konde, superintendent of police, said a case had already been registered against Panwar in Dehradun, and he is currently out on bail. "The court's instructions restricted Panwar's activities to a specific location in Dehradun while forbidding engagement elsewhere," Konde said. Konde said the intention behind the group's presence in Bageshwar was to influence the bypoll. Intelligence inputs indicated the group intended to incite unrest, a notion corroborated by documents found in their possession, he said.

However, late on Friday evening, all five arrested persons were released on bail. **Pramod Dalakoti**

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा


समाचार पत्र का नाम द पायनियर

दिनांक 26 AUG 2023

# Police arrest UBS president Bobby Panwar for violating MCC and section 144

PNS ■ DEHRADUN

The police arrested the president of Uttarakhand Berozgar Sangh (UBS) Bobby Panwar in Bageshwar along with 11 others on charges of the violation of the model code of conduct (MCC) and section 144 of the Criminal Procedure Code (CrPC) ahead of the Assembly by-elections-for which voting is scheduled to be held on September 5. Panwar was planning to reach the Bagnath temple with his supporters mainly to hold a press conference and meeting in the temple premises which could disturb law and order in the area, said the Bageshwar superintendent of police Akshay Konde. He said that Panwar had informed the district administration that he would be arriving in the district to interact with his youth workers. The district election officer made him aware of the implementation of MCC and section 144 in the district and said that any activity by them must be carried out only after seeking permission from the election committee or action will be taken against them as per the rules. Konde said that most of the people accompanying Panwar on Friday belonged to other districts, who reportedly had the intention to make the Bagnath temple premises an election ground to influence the by-elections as per confidential sources of police. Panwar had the intention of disturbing the peace, law and order and was in violation of the rules as per which, the police arrested him and his accomplices, he added.



## बॉबी पंवार की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या के समान : आर्य

हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बॉबी पंवार की गिरफ्तारी पर कहा कि बाबा बागनाथ के मंदिर में पहुंचने से पहले ही बॉबी पंवार और उनके साथियों को गिरफ्तार करना लोकतंत्र की हत्या के समान है। पुलिस ने सत्ता के निर्देश पर तानाशाही रवैया दिखाया है। इससे पुलिस की भूमिका शर्मसार करने वाली है। एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सब को है। किसी को उत्तराखंड जनविरोधी भाजपा सरकार से सवाल पूछने का अधिकार भी नहीं है। आखिर युवाओं से भाजपा शासन प्रशासन क्यों डरा हुआ है ? प्रशासन की यह दमनात्मक व गैर कानूनी कार्यवाही की भर्त्सना होनी चाहिए। इस कृत्य से यह तय हो गया है भाजपा बागेश्वर उपचुनाव में अपनी हार मान चुकी है।

# Congress condemns Panwar's arrest by Bageshwar police

PNS ■ DEHRADUN

The Uttarakhand Congress has strongly condemned the arrest of the president of the Uttarakhand Berozgar Sangh, Bobby Panwar by the police in Bageshwar on Friday. Panwar and his associates were arrested by the Police from near the Bagnath temple.



The Leader of Opposition (LoP) Yashpal Arya criticised the BJP government for the arrests and said that it is adopting a dictatorial attitude.

"Panwar and his associates of the Berozgar Sangh were arrested by the police without any reason. It shows that democracy is being murdered in the State," he said. Arya said that everyone has the freedom to express thoughts in a democracy. He said that it appears that the BJP government in the State is scared of the youths.

"I strongly condemn this oppressive and illegal action of the administration. This act shows that the BJP has accepted its defeat in the Bageshwar by-election," Arya said.

The chief spokesperson of the Uttarakhand Congress, Garmina Dasauni claimed that supporters of Bajrang Dal were seen along with the STF which arrested Panwar and his friends in Bageshwar. She said that Panwar was arrested from the Bagnath temple and was not allowed Darshan of the deity by the police. Dasauni said that Panwar's arrest shows the government's desperation. She demanded that the police should clarify the grounds on which Panwar was arrested. The arrests prove that the BJP is on a slippery ground in the Bageshwar by-election, she said.

The State vice president of Congress Mathura Dutt Joshi alleged that like it did in the Champawat by-election, the BJP government is misusing official machinery in Bageshwar also. He said that Panwar is the symbol of the struggle of the unemployed in the State.